पंजाब केसरी 03/10/2023

जी.एम.एन. कालेज में चलाया गया सफाई अभियान

कॉलेज परिसर में सफाई करती छात्राएं।

अम्बाला, 2 अक्तूबर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज में 1 अक्तूबर को एन.सी.सी. कैड्ेटस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्वच्छता पहल का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्वच्छता पर एक लैक्चर करवाया गया।

डा. राकेश कुमार, संयोजक स्वच्छ भारत मिशन, जी.एम.एन कॉलेज द्वारा छात्राओं को एन.सी.सी. में स्वच्छता और देश के लिए स्वच्छता का महत्व बताया गया।

कॉलेज के एन.सी.सी. संकाय द्वारा महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में इसका आयोजन किया गया। लैक्चर के बाद एन.सी.सी. कैड्ेटस द्वारा कॉलेज परिसर में सफाई की गई। यह पहल स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान की एक कड़ी है।

इस मौके पर डा. सी.पी. पूनिया और अन्य सदस्य उपस्थित रहे जबकि डा. तृप्ति शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

कॉलेज में स्वच्छता पर कविता पाठन, भाषण और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति कराने के उपरांत सुभाष पार्क में जाकर स्वच्छता कार्य किया।